ISO 9001:2015 CERTIFIED

एक अच्छा दिमाग और एक अच्छा दिल हमेशा विजयी होते हैं

साप्ताहिक
# नीमच हेडलाइन्स

डाक पंजीयन क्रमांक मंदसौर 407/2025-27

पंजीयन क्रमांक- MPHIN/2018/76962

अंचल का तेज़ी से बढ़ता न्यूज़ नेटवर्क...

NEEMUCH HEADLINES
खबर वही, जो हम दिखाते है...

संस्थापक- स्व.इंद्रदेव जी जाजपुरा

प्रधान सम्पादक - अविनाश जाजपुरा

साप्ताहिक समाचार पत्र,एप, वेब पोर्टल और न्यूज़ चैनल

वर्ष - 08 | अंक- 11 | नीमच, बुधवार 3 से 9 सितम्बर 2025 तक | कुल पृष्ठ - 08 | मूल्य - 3 रू

# नीमच में झमाझम बारिश से जनजीवन ठप चौथखेड़ा मार्ग बंद और पुलियाओं पर उफान




नीमच जिले में रविवार रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने सोमवार को भी रुक-रुककर अपना असर बनाए रखा। लगातार बरसात से नदी-नाले और तालाब लबालब हो गए हैं, तो वहीं कई पुल-पुलियाओं पर पानी चढ़ जाने से आवागमन थम गया है। शहर से लेकर गांव तक लोग परेशान हैं।

### चौथखेड़ा मार्ग पर आवाजाही बंद

सबसे बड़ी समस्या रावण रुंडी पुलिया पर देखने को मिली, जहां पानी का स्तर बढ़ जाने से चौथखेड़ा को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह बंद करना पड़ा। इससे आम लोगों को आवागमन में दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर दूसरे रास्तों से गुजरना पड़ रहा है।

### बारिश ने बढ़ाई परेशानी

केवल नीमच सिटी ही नहीं, बल्कि जावद, मनासा, कुकड़ेश्वर, रामपुरा, सिंगोली, रतनगढ़, नयागांव, अठाना और सरवानिया महाराज जैसे कस्बों और गांवों में भी जोरदार बारिश हुई। निचले इलाकों में पानी भर गया है और खेतों में खड़ी फसलों पर भी जलभराव का खतरा मंडराने लगा है।

### बांध और जलाशय अपनी पूरी क्षमता पर

लगातार बरसात का असर यह हुआ कि जिले के लगभग सभी बांध और जलाशय अब अपनी पूर्ण क्षमता तक भर चुके हैं। कई जगहों पर पानी ऊपर से बहने की स्थिति बन गई है। इससे जहां पानी की कमी की समस्या से राहत मिलेगी, वहीं अचानक बढ़े जलस्तर ने आम लोगों की चिंता भी बढ़ा दी है।

### स्कूल और बाजार ठप

लगातार पानी गिरने से रोजमर्रा का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कई सरकारी और निजी स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति बेहद कम रही। बाजारों में ग्राहक नदारद दिखे और दफ्तरों तक पहुंचना भी मुश्किल हो गया। बारिश से न केवल शहर बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी यातायात बाधित हो गया है।

### प्रशासन ने दी चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में और तेज बारिश की संभावना जताई है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे पुलियाओं और निचले इलाकों में जाने से बचें। पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। प्रशासन ने साफ किया है कि थोड़ी सी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है, इसलिए सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

### खेतों में भरा पानी

**नयागांव**। क्षेत्र में लगातार वर्षा का दौर जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार बुधवार की दरमियानी रात झमाझम बारिश हुई। इससे क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर आ गए। वहीं क्षेत्र के खेतों में भी पानी भर गया। जिसे किसान बुधवार सुबह निकालते दिखे। वहीं नगर के मध्य से बहने वाला नाला भी उफान पर आ गया। नाले की पुल के उपर से पानी बहता रहा।

### बारिश के आंकड़े भी रिकॉर्ड तोड़

इस साल के आंकड़े बताते हैं कि अब तक नीमच जिले में 37.56 इंच औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 35.24 इंच बारिश हुई थी।


**नीमचः 33.58 इंच, जावदः 37.72 इंच, सिंगोलीः 46.35 इंच, मनासाः 32.6 इंच**

पिछले 24 घंटों में जिले में औसतन 0.332 इंच वर्षा हुई है, जो संकेत देती है कि बारिश का सिलसिला अभी थमा नहीं है।

# नोनिहालो की जान से खिलवाड़, छत की टूटी हुई पट्टी के नीचे पढ़ने को मजबूर नन्हे मुन्ने

नोनिहालो की जान से खिलवाड़, छत की टूटी हुई पट्टी के नीचे पढ़ने को मजबूर नन्हे मुन्ने

**नीमच**। शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बच्चों को आगे बढ़ाने की मुहिम चल रही है परंतु नीमच जिला प्रशासन इन सारी बातों से बेखबर होकर आंख मुंदकर बैठा हुआ है। यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं और यह हादसे मासूम बच्चों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। ऐसा ही एक मामला नीमच जिले की ग्राम पंचायत नेवड़ के अंतर्गत ग्राम सरवानिया बोर का है जहां पर प्राथमिक विद्यालय के एक कक्ष की पट्टी पूरी तरह से निकल चुकी है जिसे बल्ली के सहायता से अटकाया गया है। तेज बारिश की वजह से कभी भी या पट्टी निकालकर नीचे गिर सकती है। या कभी किसी बच्चे के हिलाने से भी यह बल्ली निकल सकती है। ऐसे में छोटे-छोटे मासूम बच्चे इसी स्कूल में पढ़ रहे हैं उनकी जिंदगी खतरे में है। बावजूद उसके प्रशासन के कोई आलाधिकारी ऐसे मामले की जांच न करने गए और ना ही अन्यत्र विद्यालय लगाने के आदेश दिए है। स्थानीय ग्रामीणों में इसको लेकर अच्छा खासा आक्रोश बना हुआ है। ग्रामीणों की मांग है या तो विद्यालय अन्यत्र लगाया जाए या फिर तुरंत विद्यालय सही करवाया जाए तबतक बच्चो



के बेठने की व्यवस्था कही औ रकि जाए।

# नगर परिषद जीरन में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर चैनसुख बैरागी रिश्वत लेते ट्रैप

**जीरन**। दिनाँक 18/08/25 को आवेदक भरत कुमार भट्ट, निवासी वार्ड नंबर 14 जयप्रकाश नगर जीरन जिला नीमच ने पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त उज्जैन श्री आनंद यादव को शिकायत की थी कि उसकी मां सागर बाई का स्वर्गवास दिनांक 20.05.2024 को हो गया था, जो उसके द्वारा मुख्यमंत्री जन कल्याण (संबल) योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन किया गया था! योजना में सरकार द्वारा 200000 की सहायता राशि प्रदान की जाती है ! इस संबंध में वह नगर परिषद जीरन जिला नीमच से कंप्यूटर ऑपरेटर चैनसुखदास बैरागी से मिला तो उसके द्वारा आवेदक से 20000 रिश्वत की मांग की गई! शिकायत की तस्दीक उपरांत मांग प्रमाणित पाई गई तथा कंप्यूटर ऑपरेटर चैनसुखदास बैरागी ने आवेदक को प्रथम किस्त के रूप में 7000 लेकर बुलाया!



इसके उपरांत आज दिनांक को ट्रैप आयोजित किया गया तथा कंप्यूटर ऑपरेटर चैनसुख को आवेदक से 7000 रुपये रिश्वत लेते हुए जीरन स्थित पुराने पुलिस थाने के पास आरोपी के निवास में रंगे हाथों पकडा गया | रिश्वत राशि आरोपी के बेडरूम में पलंग के गद्दे के नीचे से बरामद की गई! लोकायुक्त टीमउप पुलिस अधीक्षक दिनेशचंद्र पटेल, निरीक्षक हीना डाबर,प्र आर हितेश ललावत आरक्षक गण उमेश जाटव, श्याम शर्मावनीरज राठौर!

# मल्हारगढ पुलिस ने 2 किलो 714 ग्राम अफीम सहित अंतर्राज्यिय अफीम तस्कर को किया गिरफ्तार

ब्यूरो रिपोर्ट- निखिल सोनी

**मंदसौर**। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना द्वारा जिले में अपराधियों की धरपकड़ तथा अपराधों पर अंकुश लगाएं जाने हेतु। मल्हारगढ़ थाना प्रभारी राजैन्द्र पॅवार के कुशल नेतृत्व में एक अर्न्तराज्यीय तस्कर को अवैध मादक पदार्थ अफीम के साथ पकडने मे मिली सफलता। विश्वसनीय मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए शमशान के सामने, बांडा खाल चौराहा मल्हारगढ से आरोपी सोहन लाल पिता बाबु लाल जाति कंचन मिरासी उम्र 18 साल 05 माह ग्राम विरमोणी सारणों की ढाणी, लापला थाना बायतू जिला बालोतरा राजस्थान हा.मु. पाल रोड जोधपुर को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे वाले पिट्ठु बैग से कुल 02 किलो 714 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम जब्त किया जाकर वापसी पर उक्त आरोपी के विरुद्ध थाना मल्हारगढ पर अपराध क्रमांक 218/2025 धारा 8/18.29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी से उक्त अफीम के स्त्रोत के संबंध मे अनुसंधान जारी है। उक्त कारवाही में राजैन्द्र पॅवार थाना प्रभारी मल्हारगढ़ व पुलिस थाना मल्हारगढ़ पुलिस टीम का विशेष सराहनीय योगदान रहा।



# औषधि निरीक्षक ने की तीन दवाई दुकानों पर की कार्यवाही

**नीमच**। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा औषधि विक्रय संस्थानों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। ड्रग इंस्पेक्टर नीमच ने बताया, कि विशेषतः एनआरएक्स,नशे के रूप में दुरूपयोग की संभावना वाली दवाइयों के रिकॉर्ड की जाँच की जा रही है।औषधि निरीक्षक नीमच द्वारा विभिन्न औषधि विक्रय संस्थानों के औचक निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के आधार पर जिले में संचालित 03 मेडिकल स्टोर्स पर कार्यवाही की गई है। निरीक्षण के दौरान संबंधित संस्थानों के संचालन में विभिन्न अनियमितताएं पाई गई थी, जिनके आधार पर संस्थानों को औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी जिला नीमच द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र जारी किये गये थे, जिसके प्रतिउत्तर में संचालकों द्वारा संतोषजनक तथ्य एवं दस्तावेज प्रस्तुत ना कर पाने के कारण औषधि एवं प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 के तहत नियमों के उल्लंघन पर औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी द्वारा मेसर्स कमल मेडिकोज मनासा का लाइसेंस 05 दिवस एवं मेसर्स सेंट्रल मेडिकल स्टोर्स नीमच का लाइसेंस 04 दिवस के लिए निलंबित किया गया है। इसी प्रकार औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने पर मेसर्स सांवलिया मेडिकल एंड जनरल स्टोर मनासा को कारण बताओ सूचना पत्र जारी जारी किया गया है। जिसमें मेडिकल संचालक द्वारा जवाब,दस्तावेज प्रस्तुत करने के पश्चात नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नीमच जिले के समस्त औषधि विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है, कि संस्थान संचालन के दौरान औषधि एवं प्रशाधन सामग्री अधिनियम 1940 एवं नियमावली 1945 का पालन सुनिश्चित करें एवं एनआरएक्स,नशे के रूप में दुरूपयोग की संभावना वाली दवाइयों के क्रय-विक्रय रिकॉर्ड नियमानुसार संधारित करें । औचक निरीक्षण के दौरान औषधि विक्रय संस्थान का संचालन नियमानुसार ना पाए पर कार्रवाई की जाएगी। यह जानकारी ड्रग इंस्पेक्टर नीमच श्री शोभित कुमार तिवारी ने दी है।

# नारायणगढ़ पुलिस ने मारुति वेन से 117 किलो डोडाचूरा जप्त कर आरोपी किये गिरफ्तार



ब्युरो रिपोर्ट- निखिल सोन

**मंदसौर**। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, तेरसिंह बघेल अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मंदसौर, नरेंद्र सोलंकी अ.अ.पु. मलहारगढ़ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नारायणगढ़ निरीक्षक अनिल रघुवंशी के कुशल नेतृत्व में उप. निरी. शुभम व्यास द्वारा आसूचना संकलन तंत्र को प्रभावी रूप से मजबूत व सक्रिय करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर गुरडिया फंटा पर योजनाबद्ध वाहन चेकिंग कर एक संदिग्ध वाहन, मारूती वेन क्र. MP 09 BA 3784 को घेराबंदी कर रोका गया । वाहन में सवार संदेही व्यक्ति को अभिरक्षित कर वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में कुल 6 कट्टों मे भरा कुल एक क्विंटल 17 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोंडाचुरा विधीवत् जप्त कर NDPS Act के समस्त आज्ञापक प्रावधानों का विधिवत पालन करते हुए समस्त वैधानिक कार्यवाही संपादित कर आरोपी आदर्श पिता सत्यनारायण पटीदार को विधिवत गिरफ्तार किया गया । थाना वापसी पर आरोपी के विरुद्ध अप. क्र. 190/25 U/S- 8/15,29 NDPS ACT का दर्ज कर अनुसंधान मे लिया गया है । गिरफ़्तारशुदा आरोपी आदर्श पटीदार से प्रारम्भिक पूछताछ मे आरोपी द्वारा उक्त मादक पदार्थ राजेन्द्र पिता मोहनलल सूर्यवंशी निवासी बुड़ा एवं माँगिलाल पिता गोबरु मेघवाल निवासी सादर से लाना बताया गया था जिन्हे भी प्रकरण मे आरोपी बनाया जाकर गिरफ्तार किया गया है। प्रारम्भिक विवेचन मे परिलक्षित तथ्यों के आधार पर विवेचना की जा रही है तथा घटना मे संलिप्त अन्य आरोपी की तलाश जारी है ।उक्त कार्यवाही में निरी. अनिल रघुवंशी थाना प्रभारी नारायणगढ़ उ.नि. शुभम व्यास चौकी प्रभारी बुढा , प्र.आर. दीपक बैरागी , प्र. आर. कुलदीप सिंह, आर. धर्मेन्द्र सिंह , का विशेष सराहनीय योगदान रहा।

# अग्रवाल समाज पिपलिया मंडी की नवीन कार्यकारिणी का गठन

ब्यूरो रिपोर्ट- निखिल सोनी

**पिपलिया मंडी**। नगर के अग्रवाल समाज में शनिवार को आयोजित बैठक में सर्वानुमति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज की एकता और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष पद पर विष्णु गोयल (राजाबाबू), उपाध्यक्ष पद पर सुनील गर्ग, कोषाध्यक्ष पद पर मुकेश मंगल तथा सचिव पद पर मनोहर गोयल को जिम्मेदारी सौंपी गई। समाजजनों ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत कर



उत्साहपूर्वक बधाई दी। साथ ही उम्मीद जताई कि नई कार्यकारिणी समाज सेवा के क्षेत्र में नये आयाम स्थापित करेगी और सामाजिक कार्यों को और गति प्रदान करेगी। पूरे नगर में अग्रवाल समाज की नई कार्यकारिणी के गठन पर हर्ष का माहौल है।

# कलेक्टोरेट में सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वन्दे मातरम का गायन

**नीमच**। कलेक्टर कार्यालय नीमच में सोमवार को सामुहिक राष्ट्रगॉन एवं वंदेमातरम का गायन किया गया। राष्ट्रगॉन म.प्र.गान एवं वन्देमातरम का गायन ए.डी.एम.श्रीमती लक्ष्मी गामड़ एवं श्री बी.एस.कलेश ,डिप्टी कलेक्टर श्री मंयूरी जोक तथा जिला अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में हुआ।इस मौके पर कलेक्टोरेट भवन स्थित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से राष्ट्रगॉन, वंदे मातरम एवं म.प्र.गॉन का गायन किया। तदपश्चात सितम्बर माह में शासकीय कार्यो की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टोरेट, राजस्व, भू-अभिलेख, श्रम, सहकारिता विभाग, शिक्षा, कोषालय, जनसम्पर्क कार्यालय, शहरी विकास अभिकरण सहित विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



# सभी अधिकारी-कर्मचारी आपदा प्रबंधन कार्यों को पूरी गंभीरता से लें-चंद्रा

## सभी राजस्व अधिकारी एवं संपूर्ण मैदानी अमला फील्ड में रहे-कलेक्टर

## वीसी के माध्यम से कलेक्टर ने दिए सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश

**नीमच**। चालू वर्षाकाल में जिले में निरंतर वर्षा हो रही है, जिले में औसत सामान्य वर्षा से अधिक वर्षा हो गई है, निरंतर वर्षा से पुल -पुलियाओं,रपटों पर जल भराव की सूचनाएं मिल रही है। सभी राजस्व अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी अपने मैदानी अमले का फील्ड में नियमित भ्रमण सुनिश्चित करें । जल भराव एवं आवागमन बाधित होने की सूचना मिलते ही राजस्व अधिकारी मौके पर सबसे पहले पहुंचे एवं आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करे । पुल - पुलियाओं के ऊपर से पानी बहने पर लोक निर्माण विभाग बैरीगेट्स लगवाए। पटवारी, कोटवार एवं सचिवों की ऐसी पुलियाओं पर तैनाती की जाए । यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने रविवार की शाम को एनआईसी कक्ष नीमच से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, लोक




निर्माण विभाग ,जल संसाधन ,विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए । इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव , एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, एसडीएम श्री संजीव साहू ,सुश्री प्रीति संघवी , सुश्री किरण आंजना सहित अधीक्षण यंत्री प.क्षे.वि.क. नीमच , जल संसाधन एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री व अन्य जिला अधिकारी तथा सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार वर्चुअली मौजूद थे । वीसी में जल संसाधन कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए, कि वे सुरक्षा एवं सदृढ़ता की दृष्टि से अपने सभी जलाशयों का निरीक्षण करवा ले , उनकी मजबूती देख ले, यह सुनिश्चित करे, कि किसी भी जलाशय से पानी का रिसाव न हो। यदि कही ऐसी संभावना हो, तो उसे तत्काल ठीक करवाए । कलेक्टर ने सभी जनपद सीईओ , तहसीलदारो एवं नायब तहसीलदारो को निर्देश दिए कि वे सोमवार को सुबह से ही अपने- अपने क्षेत्रों का भ्रमण करे और पुल पुलियाओं और रपटों पर और बस्तियों में जल भराव की स्थिति एवं फसल नुकसानी सर्वे कार्य का निरीक्षण करे और जल भराव की स्थिति में आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करे । कलेक्टर ने सभी एसडीएम और सीईओ एवं सीएमओ को निर्देश दिए, कि वे अपने -अपने क्षेत्र में गणेश प्रतिमा विसर्जन स्थल चिन्हित कर ,वहां आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाए तथा सुव्यवस्थित विसर्जन के आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करे ।सभी जनपद सीईओ को भी अमृत सरोवर व विसर्जन स्थलों पर तीन शिफ्टों में सचिव ,रोजगार सहायकों एवं अन्य कर्मचारियों की तैनाती करने के निर्देश दिए । पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री को निर्देश दिए कि वे विद्युत सरक्षा के लिए विद्युत लाइन यदि कहीं नीचे लटक रही हो, तो ठीक करवाएं, विद्युत ट्रांसफार्मर जल भराव में आ रहे हो, तो उनसे विद्युत आपूर्ति रोक कर, विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था करे। कलेक्टर ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे आपदा प्रबंधन कार्यों को गंभीरता से ले। आपदा प्रबंधन के कार्यों में लापरवाही उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जावेगी।

# कांग्रेस का "वोट अधिकार सत्याग्रह" पैदल मार्च निकला, वोट चोर गद्दी छोड़ के नारे से गूंजा नीमच

## वोट चोरी, फसल बीमा, अतिवृष्टि से सोयाबीन फसल नुकसानी, रेडक्रास चुनाव और विभिन्न मुद्दों को लेकर सौंपा ज्ञापन, कांग्रेस ने अपनी ताकत दिखाई, नवागत जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती का सफल कार्यक्रम

ब्यूरो रिपोर्ट- दुर्गाशंकर लाला भट्ट




**नीमच**। जिला मुख्यालय नीमच पर जिला कांग्रेस ने सोमवार को शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में"वोट अधिकार सत्याग्रह" सभा तथा वोट चोर गद्दी छोड़ पैदल मार्च भी निकाला गया, जिसमें हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता शामिल हुए। इस दौरान पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश समेत देश भर में वोट चोरी की सरकार चल रही है। मध्य प्रदेश की सरकार चोरी की सरकार है। वोट जनता का अधिकार है हम उसे चोरी नहीं होने देंगे। जीतू पटवारी ने कहा लोकसभा में 25 से ज्यादा सीटें चोरी के वोटो से जीती गई हैं। उन्होंने कहा मध्य प्रदेश, हरियाणा और महाराष्ट्र की प्रदेश सरकार भी चोरी के वोट से बनाई गई है। वोट एक ही भरोसा होता है जो देश को बंध कर रखता है। वोट में लोगों को उम्मीद रहती है कि हमारा विधायक जीत रहा है, हमारा पार्षद जीत रहा है, तो हमारे क्षेत्र हमारे मोहल्ले में काम करेगा। हमारा नेता ऐसा हो जो हमारे पास आए हम उसको बोल कर उससे अपने क्षेत्र के विकास का काम कराएं। हमारे परिवार में कोई तकलीफ हो तो हमारा विधायक हमारे पास पहुंचे। ऐसे देश की रीति नीति बनती है,तो एक वोट भरोसा है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर आरोप लगाया है कि उन्होंने मप्र को शराब का कॉरिडोर बना दिया है। उन्होंने स्थानीय मुद्दो को भी उठाया और ढिल्लन भूखंड को लेकर कहा कि नपा में जमीनों के घोटाले जारी है। 500 करोड़ से ज्यादा भ्रष्टाचार किया जा चुका है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरूण बाहेती ने जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया और सत्ता के खिलाफ लड़ाई लड़ने और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की रक्षा के लिए संकल्प लिया। श्री बाहेती ने कहा कि कहा जनता ने लोकतांत्रिक ढंग से वोट देकर हमें मज़बूत समर्थन दिया, लेकिन सत्ता हथियाने के लिए भाजपा ने अनैतिक तरीकों का इस्तेमाल किया। जनता के विश्वास से खिलवाड़ करने वालों को अब गद्दी छोडऩी होगी। उन्होंने स्थानीय स्तर के मुद्दें भी उठाए, जिसमें उन्होंने रेडक्रास के चुनाव होने के बाद मतगणना को रोक को चुनाव को स्थगित करना दर्शाता है कि प्रशासन सत्ता के दवाब में काम कर रहा है। श्री बाहेती ने कहा कि नीमच जिले में अतिवृष्टि से सोयाबीन की फसले बर्बाद हो चुकी है, किसान सर्वे की मांग को लेकर ज्ञापन दे रहे हैं, पर उनकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं है। फसल बीमा देने के नाम भी किसानों को छला गया है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष कहा कि कांग्रेस के आंदोलन को देख सत्ता के नुमाईंदे और प्रशासन घबरा गया है और कांग्रेस कार्यकर्ता और किसानों को रोकने के पूरजोर प्रयास किए, फिर जनता ने कांग्रेस को समर्थन और कार्यक्रम को सफल बनाया। "वोट अधिकार सत्याग्रह" के आयोजन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, महिलाएं एवं युवाओं की भीड़ देखी गई। सभा में पूर्व मंत्री नरेंद्र नाहटा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल चौरसिया ने भी संबोधित किया। वक्ताओं ने मतदाता सूची में हो रही गड़बडय़ों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हो रहे खिलवाड़ का विरोध किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी का कहना है कि यह आंदोलन तब तक चलेगा जब तक जनता को न्याय और लोकतांत्रिक अधिकार नहीं मिलते। नीमच रैली कांग्रेस के लिए केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि विपक्षी ताक़त को मज़बूत करने का प्रतीक भी है। इसने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को ऊर्जा दी है और भाजपा सरकार पर दबाव बनाने का नया माध्यम प्रदान किया है। इस मौके पर रतलाम कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्षविजय गेहलोद, कांग्रेस नेता अरविंद चौपड़ा, अजीत कांठेड़, सत्यनारायण पाटीदार,समंदर पटेल आर सागर कछावा,मधु बंसल सोमिल नाहटा, ओम दीवान, ब्रजेश मित्तल, महेंद्र मोनू लोक्स, मंगेश संघई, भानूप्रतापसिंह राठौर, योगेश प्रजापति सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता मंचासीन थे। जनसभा का संचालन पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ब्रजेश सक्सेना, जीरन ब्लॉक अध्यक्ष विनोद दक एवं प्रवक्ता भगत वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

### जनसभा के बाद निकला पैदल मार्च :

जनसभा के बाद वोट चोर गद्दी छोड़ पैदल मार्च निकाला गया, जिसमें नारों के साथ कांग्रेसजनों ने जनता के अधिकारों की रक्षा का संकल्प लिया। जनसभा के बाद कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन से रैली निकाली गई, जो गोल चौराहा, गोमाबाई रोड़ होते हुए कलेक्टोरेट पहुंची। जहां कलेक्टारेट के पूर्व ही संजीवनी पुलिस को बेरीकेट्स लगाकर पेक कर दिया था। कांग्रेस जनों को रोकने के लिए बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात किया था और फायर फायटर को भी मौके पर खड़ा कर दिया था, लेकिन कांग्रेसजनों ने बेरीकेट्स को पार कर कलेक्टोरेट के घेराव का प्रयास किया। हालांकि प्रशासन की समझाईश के बाद कांग्रेसजन संजीवनी पुलिया पर रूक गए। इस दौरान मौके से पर कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल नाम के एसडीएम नीमच संजीव साहू ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चुनाव में हुई कथित गड़बडिय़ों की निष्पक्ष जांच कराने और सरकार के खिलाफ संवैधानिक कदम उठाने की मांग की गई। इसमें महंगाई, युवाओं की बेरोजग़ारी, किसानों की समस्याएं और कानून-व्यवस्था से जुड़ी विफलताओं को भी प्रमुखता से उठाया गया। इसके अलावा किसानों को प्रीमियम से कम फसल बीमा मिलने और कई क्षेत्रों में तो किसानों को फसल बीमा ही नहीं मिलने के साथ ही अतिवृष्टि से सोयाबीन की फसल खराब होने और पीला मोजेक रोग लगने बर्बाद हुई फसलों का शीघ्र सर्वे कराने और किसानों को राहत देने की मांग की। रैली के दौरान जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ाई गई और जगह.जगह बैरिकेडिंग की गई थी। हालांकि रैली शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। रैली में केवल कांग्रेस कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि बड़ी संख्या में आम लोग भी शामिल हुए। किसानों, छात्रों और महिलाओं ने भी इस आंदोलन का समर्थन किया। कई संगठनों ने खुले तौर पर कांग्रेस के इस अभियान के प्रति एकजुटता जताई।

### प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी का नीमच हुआ जोरदार स्वागत

नीमच में प्रदेश के दौरान प्रायवेट बस स्टैंड से लेकर गांधी भवन तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी का जगह-जगह स्वागत किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने जगह-जगह मंच बनाए थे और श्री पटवारी का जोरशोर से स्वागत कर नारेबाजी की।

### तरूण बाहेती के नेतृत्व में कांग्रेस का पहला कार्यक्रम रहा सफल

कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने के बाद तरूण बाहेती के नेतृत्व में कांग्रेस का "वोट अधिकार सत्याग्रह" पहला कार्यक्रम था, जिसमें सभी कांग्रेसजन एकजुट नजर आए और कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी, जिसे देख शहर की जनता की जुबान पर सिर्फ एक ही चर्चा थी तरूण बाहेती के नेतृत्व में कांग्रेस का पहलाकार्यक्रम जोरदार और सफल रहा

### पूर्व जिलाध्यक्ष चौरसिया ने सौपा तरूण को पदभार

जनसभा के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष अनिल चौरसिया ने नवागत कांग्रेस जिलाध्यक्ष तरूण बाहेती को कांग्रेस का दुप्पटा गले में डालकर जिलाध्यक्ष का पदभार सौंपा। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष अरविंद चोपड़ा व अजीत कांठेड़ भी मौजूद रहे। श्री चौरसिया ने कहा कि मैंने कांग्रेस में छटनी का काम किया है, जिसे संभालना अब तरूण का काम है। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस का महेंद्रसिंह धोनी था, जिसने शुभमन गिल( तरूण बाहेती) को कमान सौंप दी है, लेकिन मैं कांग्रेस का हमेशा सक्रिया कार्यकर्ता रहूंगा।

# एसडीएम आंजना ने गांवों का किया भ्रमण

## खेतों में फसल क्षति के आंकलन, सर्वे कार्य का लिया जायजा



**नीमच**कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न् गांवों में कृषि विभाग की टीम द्वारा खरीफ फसलों को अतिवृष्टी व रोग से हुए नुकसान का सर्वेक्षण कर, आंकलन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में एसडीएम मनासा सुश्री किरण आंजना ने शुक्रवार को मनासा क्षेत्र के गांव खेतपालिया, जालीनेर और अरनिया माली में कृषि विभाग की टीम द्वारा खेतों में किए जा रहे फसल क्षति के सर्वे कार्य का निरीक्षण कर, जायजा लिया और कृषि अमले को आवश्यक निर्देश भी दिए। एसडीएम ने जालीनेर में शासकीय हाई स्कूल जालीनेर का निरीक्षण भी किया और कक्षा में पहुंचकर विद्यार्थियों के अध्यापन कार्य का जायजा लिया।

# प्रदेश के सभी जिले स्वामित्व योजना का शतप्रतिशत कार्य तेजी से पूर्ण करें- प्रमुख सचिव राजस्व पोरवाल

## प्रमुख सचिव राजस्व ने की वी.सी.के माध्यम से राजस्व विभाग की समीक्षा




**नीमच**। प्रदेश के सभी जिले स्वामित्व योजना का शेष कार्य तेजी से पूर्ण करवाए। जिन जिलों में प्रथम एवं अंतिम प्रकाशन का कार्य और ग्राउण्ड ट्रूथिंग का कार्य शेष है। उसे प्राथमिकता से पूर्ण करवाए। डिजीटल क्राप सर्वे करने वाले स्थानीय युवा किसानों को मानदेय का भुगतान भी तत्काल करें। यह निर्देश प्रमुख सचिव राजस्व श्री विवेक पोरवाल ने शुक्रवार को सभी जिलो के कलेक्टर एवं राजस्व अधिकारियों की वीडियों कांफ्रेसिंग के जरिए विभागीय कार्यो, गतिविधियों की समीक्षा करते हुए दिए।नीमच के एन.आई.सी.कक्ष में इस वीडियों कांफ्रेंसिंग में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड़, डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्रसिह धार्वे, ए.एस.एल.आर.सुश्री मोनिका जैन भी उपस्थित थी। वी.सी.में प्रमुख सचिव राजस्व ने फार्मर रजिस्ट्री कार्य, पी.एम.किसान सम्मान निधि के तहत ई-केवायसी, आधार, बैंक खातों का लिंकेज, राजस्व मदों में बकाया वसूली के कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा की।

# दो अंतरराज्यीय अफीम तस्करों को 12-12 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो-दो लाख रूपयों का अर्थदण्ड

नीमच। श्रीमान् जितेन्द्र कुमार बाजोलिया, विशेष न्यायाधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) जिला-नीमच द्वारा 38 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम की अंतरराज्यीय तस्करी करने वाले दो आरोपीगण (1) सुनील चौधरी पिता पारसराम जाट, उम्र-37 वर्ष, निवासी-ग्राम खारिया, थाना-बेरूदा, तहसील-भोपालगढ़, जिला-जोधपुर (राजस्थान) एवं (2) पप्पूराम पिता नाथूराम मेघवाल, उम्र-41 वर्ष, निवासी-ग्राम खारिया खंगार, थाना-बोरूंदा, तहसील-भोपालगढ़, जिला-जोधपुर (राजस्थान) को धारा 8/18(बी) एन.डी.पी.एस. एक्ट के अंतर्गत 12-12 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 200000-200000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले सी.बी.एन. के विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरन द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 19.04.2022 को कार्यालय उपनारकोटिक्स आयुक्त, नीमच में पदस्थ निरीक्षक परीक्षित चौधरी को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक 12 चक्का ट्रक जिसमें चाय-पत्ती की आड़ में लगभग 35-40 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम छिपाकर मणिपुर से लाई जा रही है, जो वाया आसाम,



गुवाहाटी, बिहार, लखनऊ, आगरा, जयपुर, किशनगढ़ होते हुए जोधपुर सप्लाई की जायेगी। मुखबीर सूचना विश्वसनीय होने से निरीक्षक परीक्षित चौधरी द्वारा मुखबीर सूचना से अधीक्षक महोदय को अवगत कराया गया, जिनके आदेश से कार्यवाही हेतु निवारक दल का गठन किया गया। ट्रक के किशनगढ़ टोल नाके पर आने की संभावना तथा साथ ही इसकी पायलेटिंग हेतु हथियारबंद बदमाश स्कॉर्पियो गाड़ी साथ में होने से मय फोर्स किशनगढ़ टोल नाके पर घेराबंदी की गई। इसके पश्चात् मुखबीर द्वारा बताया गया ट्रक आने पर उसको रोका तथा चालक का नाम पुछने पर उसने अपना नाम सुनील चौधरी एवं सहचालक से उसका नाम पप्पूराम होना बताया। ट्रक की पायलेटिंग हथियारबंद बदमाश द्वारा किये जाने की सूचना होने से सुरक्षा की दृष्टि से निवारक दल द्वारा सी.बी.एन. के सबसे नजदीकी कार्यालय नीमच में ट्रक को लाया जाकर उसकी तलाशी ली गई। ट्रक के पिछले हिस्से में चाय पत्ती के कट्टे भरे थे तथा कैबिन की तलाशी लिये जाने पर उसमें गुप्त चैम्बर बना था, जिसमें 42 पैकेट में कुल 38.140 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ अफीम होना पाया गया। आरोपीगण के कब्जे से अफीम व ट्रक को जप्त किया गया व उनको गिरफ्तार किया गया। प्रकरण में विवेचना के दौरान अन्य आरोपीयों के संबंध में अनुसंधान को खुला रखते हुवे, परिवाद माननीय विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान विशेष लोक अभियोजक द्वारा सभी महत्वपूर्ण गवाहों के बयान कराकर अंतरराज्यीय अफीम तस्करी के अपराध को संदेह से परे प्रमाणित कराते हुवे आरोपीगण को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपीगण को उपरोक्त दण्ड से दण्डित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुशील ऐरनद्वारा की गई।

## वरिष्ठ ओपन हार्ट सर्जन व ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ अनिल जैन 14 सितंबर को नीमच में

**नीमच**। अंचल के प्रसिद्ध स्व. डॉ. कमलकुमार चौरड़िया की स्मृति में 14 सितंबर 2025 को प्रातः 9 से दोपहर 2 बजे तक चौरड़िया हॉस्पिटल नीमच में निः शुल्क हृदय रोग परामर्श शिविर का आयोजन होगा। अन्नपूर्णा सेवा न्यास एवं चौरड़िया हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में एपिक हॉस्पिटल अहमदाबाद के सहयोग से आयोजित हृदय रोग परामर्श शिविर में वरिष्ठ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन व ओपन हार्ट सर्जन डॉ.अनिल जैन एवं उनकी हृदय रोग विशेषज्ञ की टीम सेवाएं देगी, जिसमें वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजन मोदी, डॉ. कुश भट्ट, डॉ निकुंज शेखडा, डॉ. शील द्विवेदी, डॉ. करण शेट्टी आदि चिकित्सक निःशुल्क परामर्श देंगे। पूर्व नपाध्यक्ष राकेश पप्पू जैन ने बताया कि ख्यातनाम डॉ. अनिल जैन और उसकी टीम ने विगत 30 वर्षों के सेवाकाल के दौरान 50 हजार से अधिक हृदय रोग से पीड़ित रोगियों के सफल ऑपरेशन किए हैं । वरिष्ठ कार्डियक सर्जन से यह रोगी ले सकते हैं परामर्श- जिन मरीजों ने एन्जियोग्राफी एन्जिओप्लास्टि, ईको कार्डियोग्राफी, पेसमेकर ,वॉल सर्जरी ,बायपास सर्जरी ,बेन्टल सर्जरी, एएसडी, वीएसडी कराया हो या जिनका करवाने की सलाह दी गई है के साथ ही अनियंत्रित ब्लड प्रेशर, हृदय सूल ,ज्यादा थकान हृदय की अनियमित धड़कन और बेचैनी होने की शिकायत वाले रोगियों को भी इस शिविर में परामर्श दिया जाएगा।

## नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची हेतु रजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त

**नीमच**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हिमांशु चंद्रा द्वारा जिले की नगरीय निकायों की एक जनवरी 2025 की संदर्भ तिथि के आधार पर फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने के लिए रजिस्ट्रेशन, सहायक रजिस्ट्रेशन तथा अपील प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नगर परिषद नीमच के लिए एसडीएम नीमच को रजिस्ट्रेशन अधिकारी बनाया गया है। तहसीलदार नीमच नगर को वार्ड क्रमांक 1 से 20 तक तथा नायब तहसीलदार नीमच नगर को वार्ड क्रमांक 21 से 40 तक के लिए सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर नीमच को अपील प्राधिकारी बनाया गया है। नगर परिषद जीरन के लिए तहसीलदार जीरन को रजिस्ट्रेशन अधिकारी तथा नायब तहसीलदार जीरन को सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त किया गया है। इनके अपील प्राधिकारी एसडीएम नीमच होंगे। नगर परिषद जावद, डीकेन, अठाना, नयागांव एवं सरवानिया महाराज के लिए प्रभारी तहसीलदार जावद को रजिस्ट्रेशन अधिकारी, नायब तहसीलदार जावद को सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी तथा एसडीएम जावद को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर परिषद रतनगढ़ एवं सिंगोली के लिए तहसीलदार सिंगोली को रजिस्ट्रेशन एवं सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी तथा एसडीएम जावद को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर परिषद मनासा एवं कुकड़ेश्वर के लिए प्रभारी तहसीलदार मनासा को रजिस्ट्रेशन अधिकारी, नायब तहसीलदार मनासा को सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी तथा एसडीएम मनासा को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर परिषद रामपुरा के लिए प्रभारी तहसीलदार रामपुरा को रजिस्ट्रेशन अधिकारी, नायब तहसीलदार कुकड़ेश्वर को सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी तथा एसडीएम मनासा को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

# पुलिस की कार्रवाई : 45 किलो डोडाचूरा जप्त, आरोपी गिरफ्तार

जावद। प्रदेशव्यापी नशा विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। थाना जावद अंतर्गत सरवानिया महाराज चौकी पुलिस ने 45 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक नीमच अंकित जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया एवं एसडीओपी जावद रोहित राठौर के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जावद निरीक्षक जितेन्द्र कुमार वर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।



### घटना का विवरण

दिनांक 30 अगस्त 2025 को चौकी सरवानिया महाराज पुलिस को सूचना मिली कि लाल रंग का मैसी कंपनी का ट्रैक्टर (एमपी 44 एए 8803) मय ट्रॉली में अवैध मादक पदार्थ ले जाया जा रहा है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, जिसमें प्लास्टिक के तिरपाल के नीचे छिपाकर रखे गए तीन काले रंग के प्लास्टिक कट्टों से 45 किलोग्राम डोडाचूरा बरामद किया गया।

पुलिस ने मौके से आरोपी मांगीलाल (62 वर्ष) निवासी धामनिया थाना जावद को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की है। आरोपी से डोडाचूरा की तस्करी के स्त्रोतों और नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस की अपील

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को अवैध नशे के कारोबार की जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।

# पुराने विवाद में मारपीट करने वाले चार आरोपियों को तीन-तीन माह का सश्रम कारावास

**नीमच**। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच अंकिता गुप्ता द्वारा पुराने विवाद के चलते आपस में मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के चार आरोपियों को दोषी मानते हुए तीन-तीन माह का सश्रम कारावास एवं 1000-1000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। अभियोजन के अनुसार, घटना लगभग 6 वर्ष पूर्व दिनांक 11 सितम्बर 2019 को रात्रि 11 बजे स्कीम नंबर 36, नीमच में हुई थी। दोनों पक्षों के बीच पूर्व से विवाद चल रहा था। घटना दिनांक को दोनों पक्षों के युवकों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसों व शराब की बोतल से हमला कर चोट पहुंचाई थी। इसके बाद दोनों पक्षों ने पुलिस थाना नीमच कैंट में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर आवश्यक अनुसंधान उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से फरियादियों, आहतों और प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने अपराध सिद्ध मानते हुए कठोर दंड दिया।

### दंडित आरोपियों में

सुशील पिता मुरलीधर कुकरेजा (20 वर्ष), निवासी विकास नगर नीमच हर्षित चौपड़ा (25 वर्ष), निवासी विकास नगर नीमच, युवराज पिता प्रमोद शर्मा (21 वर्ष), निवासी नायका ओली नीमच,लोकेश पिता घनश्याम प्रजापति (21 वर्ष), निवासी ग्वालटोली नीमच शामिल हैं।, प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी एडीपीओ विपिन मंडलोई द्वारा की गई।

# दामोदरपुरा में बिना अनुमति संचालित क्लिनिक पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

**नीमच**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जावद तहसील के ग्राम दामोदरपुरा में एक निजी क्लिनिक के संचालन की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कार्रवाई की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आर.के. खद्योत के निर्देशानुसार डॉ. बी.एल. सिसोदिया, डॉ. जितेंद्र पाटीदार एवं प्रधान आरक्षक कन्हैयालाल राठौर की टीम ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। जांच के दौरान एस.के. विश्वास नामक व्यक्ति को क्लिनिक संचालित करते पाया गया। उसके पास न तो मान्य डिग्री थी और न ही स्वास्थ्य विभाग से क्लिनिक संचालन की अनुमति। इस पर जांच दल ने मौका पंचनामा तैयार कर संबंधित चिकित्सक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई प्रारंभ की।



# जिला पंचायत सी.ई.ओ.ने किया श्रीपुरा के पंचायत सचिव को निलंबित

**नीमच**। जिला पंचायत सी.ई.ओ.श्री अमन वैष्णव ने ग्राम पंचायत श्रीपुरा के सचिव श्री हिम्मत स्वर्णकार को अपने पदेन कर्तव्यों के प्रति गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया हैं।म.प्र. पंचायत सचिव अनुशासन तथा अपील नियम 1999 के तहत जारी निलंबन आदेशानुसार पंचायत सचिव श्री स्वर्णकार का मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत जावद नियत किया गया है, उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। इस संबंध में जारी आदेश अनुसार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जावद से 29 अगस्त 2025 को प्राप्त प्रतिवेदन अनुसार आपदा प्रबंधन को देखते शिकायत प्राप्त हुई कि, ग्राम पंचायत श्रीपुरा के ग्राम घाटी से भूमि माता मार्ग पुलिया, उसमें गड्डे होकर क्षतिग्रस्त है व ऊपर पानी बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को आने जाने में समस्या हो रही हैं। इस संबंध में श्री हिम्मत स्वर्णकार सचिव, ग्राम पंचायत श्रीपुरा को कई बार निर्देशित करने के पश्चात भी मार्ग को बंद नहीं किया व दुरस्त करवाने की कोई कार्यवाही नहीं की गई हैं। इस प्रकार




उनके द्वारा अपने पदेन कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरतने पर उनके विरूद्ध निलंबन की कार्यवाही का प्रस्ताव जिला पंचायत के सी.ई.ओ. को प्राप्त हुआ था। इस पर जिला पंचायत द्वारा निलंबन की कार्यवाही की गई हैं।

# वन विभाग द्वारा तत्काल मगरमच्छ पकड़ कर छोड़ा गांधी सागर

**नीमच**। लगातार बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ने के चलते रविवार तड़के एक मादा मगरमच्छ थड़ोली ग्राम पंचायत के हनुमंतिया रावजी गांव में घुस गई। सुबह करीब 4 बजे मगरमच्छ को देखते ही ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस को सूचना दी। पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई, लेकिन वन विभाग की टीम 5 घंटे बाद सुबह 9 बजे मौके पर आई। टीम के पास न तो पिंजरा था और न ही रस्सी जैसी कोई सुरक्षा सामग्री। बिना तैयारी किए रेस्क्यू के दौरान मगरमच्छ अचानक गांव की ओर भागी, जिससे भगदड़ मच गई।



### दो ग्रामीणों पर हमला

इस अफरातफरी में कई लोग गिर पड़े। इस दौरान मगरमच्छ ने मोहनलाल पिता घीसालाल सुधार समेत दो ग्रामीणों को घायल कर दिया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों की मदद से आखिरकार मगरमच्छ को काबू में किया गया और बाद में उसे गांधीसागर जलाशय में छोड़ दिया गया।

### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना है कि यदि समय पर उचित तैयारी के साथ कार्रवाई होती तो हादसा टल सकता था। वहीं, बारिश और नदियों में उफान के कारण जलीय जीवों के गांव में आने की संभावना बढ़ गई है। इस पर ग्रामीणों ने प्रशासन से पुख्ता सुरक्षा इंतजाम की मांग की है।

## दिगंबर जैन समाज में दस लक्षण पर्यूषण महापर्व का शुभारंभ

**नीमच** दिगंबर जैन समाज नीमच के तत्वावधान में दस लक्षण पर्यूषण महापर्व का शुभारंभ 28 अगस्त से धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुआ। दिगंबर जैन मंदिर में भय्या के सानिध्य में सुबह 7 बजे से 8:15 बजे तक शांति धारा अभिषेक, 8:15 से 9:15 प्रवचन, 9:15 बजे सामूहिक पूजन, दोपहर तीन से चार तत्व चर्चा, 5 से 6:30 बजे सामायिक, तत्पश्चात आरती और रात्रि 9 बजे नैतिक शिक्षाप्रद प्रवचन सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। समाज अध्यक्ष विजय विनायका व मीडिया प्रभारी अमन विनायका ने बताया कि पर्यूषण पर्व के पहले दिन "उत्तम क्षमा" की शांति धारा का धर्म लाभ जैन ब्रदर्स परिवार, स्वर्ण परिवार, पुखराज मित्तल, विकास फोटोकॉपी, जीटी परिवार, नंदकुमार सर्राफ, प्रमोद गोधा व जैन ब्रोकर परिवार ने लिया। इस अवसर पर संगीतकार रामकिशन एंड पार्टी छिंदवाड़ा द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जाएंगी। 29 अगस्त को "उत्तम मार्दव" पर्व पर भगवान 1008 पारसनाथ के मस्तक पर प्रथम अभिषेक एवं चतुर्थ कलश का सौभाग्य पदम, शरद, अनिल व नवीन गोधा परिवार ने प्राप्त किया।

# नीमच में हंगामाः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी पर लगातार दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन, भाजपा कार्यकर्ताओं ने काले झंडे और स्याही फेंकी





**नीमच** में सोमवार का दिन राजनीतिक हलचल और आरोप-प्रत्यारोप से भरा रहा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत जिले के दौरे पर पहुंचे थे। लेकिन यहां उनका सामना भाजपा कार्यकर्ताओं के जोरदार विरोध से हुआ। प्रदर्शनकारियों ने पटवारी के काफिले को काले झंडे दिखाए, उन पर स्याही और कालिख फेंकी तथा जमकर नारेबाजी की।

### काफिले पर हुआ हमला

दोपहर लगभग एक बजे जीतू पटवारी का काफिला शहर के 40 सर्किल से गुजर रहा था। वह खुद वाहन की छत पर खड़े होकर जनता का अभिवादन कर रहे थे। इसी दौरान बड़ी संख्या में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'गली-गली में शोर है, राहुल गांधी चोर है' जैसे नारे लगाते हुए उन पर काले झंडे और स्याही फेंकी। हालांकि स्याही पटवारी पर नहीं गिरी, लेकिन पुलिस अधिकारियों की वर्दी जरूर दागदार हो गई। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे लगाकर माहौल को और गरमा दिया। दोनों दलों के समर्थकों के बीच नारेबाजी इतनी तीखी हो गई कि पुलिस को हालात संभालने के लिए बीच में आना पड़ा।

### पुतला दहन और शुद्धिकरण

विरोध केवल काले झंडों तक सीमित नहीं रहा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत माता चौराहे पर जीतू पटवारी का पुतला जलाकर अपना गुस्सा जाहिर किया। इसके अलावा, उनके नीमच से रवाना होने के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उसी चौराहे पर गंगाजल का छिड़काव कर क्षेत्र का 'शुद्धिकरण' भी किया। उनका कहना था कि मातृशक्ति का अपमान करने वाले व्यक्ति के आगमन से शहर अपवित्र हो गया था।

### प्रशासन की सतर्कता

भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के आमने-सामने आने से स्थिति बिगड़ने की आशंका थी। इसलिए जिला प्रशासन ने बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया। कई जगह बैरिकेड्स भी लगाए गए ताकि किसी अप्रिय घटना को रोका जा सके। शाम लगभग चार बजे जब कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय की ओर बढ़ रहे थे, तो उन्हें संजीवनी तालाब के पास रोक दिया गया। इसी दौरान एसडीएम संजीव साहू बैरिकेड्स फांदकर दूसरी ओर पहुंचे और उनका ज्ञापन स्वीकार किया। इससे स्थिति शांत हो पाई।



### मंदसौर में भी विरोध

नीमच से पहले जीतू पटवारी मंदसौर में भी अपने अभियान के दौरान विरोध झेल चुके थे। वहां भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया था। यह लगातार दूसरा दिन था जब प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को ऐसे हमलों और विरोध का सामना करना पड़ा।

### पटवारी का पलटवार

हमले और विरोध प्रदर्शनों के बीच जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री पर गंभीर सवाल खड़े किए। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि वह और मुख्यमंत्री दोनों ही अपना नार्को टेस्ट करवा लें। अगर उनके खिलाफ नशे के सबूत मिलते हैं,

# नीमच के बघाना में पुलिस की बड़ी कार्रवाईः जुआ खेलते 25 लोग रंगेहाथ गिरफ्तार, 35 हजार रुपए जब्त



**नीमच** बघाना क्षेत्र में पुलिस ने जुआ खेल रहे 25 लोगों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। यह कार्रवाई कब्रिस्तान के पास स्थित स्कीम नंबर 8 इलाके में की गई, जहां आरोपियों को ताश और घोड़ीदाना के जरिए जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। मौके से कुल 35 हजार रुपए नकद जब्त किए गए।

### पुलिस का विशेष अभियान

जिले में जुआ और सट्टा गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसोदिया और नगर पुलिस अधीक्षक किरण चौहान के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई हुई। थाना प्रभारी नीलेश अवस्थी और उनकी टीम ने मुखबिर से मिली सूचना पर तुरंत छापामार कार्रवाई की और सभी आरोपियों को धर दबोचा।

### गिरफ्तार आरोपियों की सूची

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बघाना और नीमच कैंट क्षेत्र के कई लोग शामिल हैं। बघाना निवासीः वसीम खान, साजिद खान, मोहम्मद सईद पठान, साहिद कुरैशी, मोहम्मद सादिक मुगल, नदीम, इमरान, शकील, अब्दुल वहीद, आरिफ उर्फ कालू, शैलेंद्र, शाहरुख पठान, साबिर पठान, वसीम अकरम और इमरान पठान। नीमच कैंट निवासीः मोहम्मद हुसैन, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद शाबीर, इस्तियाक हुसैन, इमरान हुसैन, पवन ग्वाला, निक्की यादव, विष्णु प्रजापति और नीरज ग्वाला।

# नीमच में भक्तिमय माहौलः राधा अष्टमी पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा, राधा-कृष्ण की झांकी ने मोहा मन

**नीमच** का ग्वालटोली क्षेत्र सोमवार को भक्ति और उल्लास से सराबोर हो गया। अवसर था राधा अष्टमी का, जब पूरे श्रद्धा-भाव से राधा रानी का जन्मोत्सव मनाया गया। श्री चंद्रवंशी ग्वाला गवली समाज द्वारा आयोजित इस पर्व ने सुबह से ही शहर को आध्यात्मिक रंगों में रंग दिया। मंदिर परिसर से लेकर गलियों तक हर जगह भक्ति गीत, कीर्तन और जयकारों की गूंज सुनाई दी।




### सुबह से मंदिर में विशेष आयोजन

भोर से ही राधा-कृष्ण मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन शुरू हो गए। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर दीप प्रज्वलित किए और राधा रानी के चरणों में फूल अर्पित किए। वातावरण पूरी तरह से श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत था। दोपहर 12 बजे से राधा जी के जन्मोत्सव की मुख्य विधि शुरू हुई, जो शाम 7 बजे तक चली। इस दौरान मंदिर परिसर में न केवल धार्मिक अनुष्ठान हुए बल्कि भक्तों ने भक्ति गीतों और कीर्तन में भी भाग लेकर राधा रानी के जन्म का उल्लास व्यक्त किया।

### भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम की सबसे विशेष कड़ी रही शोभायात्रा, जिसे मंदिर से बड़े उत्साह के साथ निकाला गया। शोभायात्रा में सबसे आगे सजे-धजे रथ पर विराजमान लड्डू गोपाल भक्तों का आशीर्वाद देते नजर आए। इसके पीछे सजी हुई ट्रैक्टर-ट्रॉली में राधा-कृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे युवक-युवतियां और महिलाएं डीजे की धुनों पर नृत्य करते हुए शोभायात्रा में शामिल हुईं।

ग्वालटोली क्षेत्र की तंग गलियों से गुजरती यह यात्रा हर किसी का ध्यान खींच रही थी। लोग घरों की छतों और दरवाजों से पुष्पवृष्टि कर झांकी का स्वागत कर रहे थे।

### महाआरती और 56 भोग का आयोजन

शाम होते ही शोभायात्रा पुनः मंदिर पहुंची, जहां पूरे भक्तिमय माहौल में महाआरती की गई। दीपों की लौ और घंटियों की ध्वनि से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसके बाद भक्तों ने राधा-कृष्ण को 56 भोग अर्पित किए। महाप्रसाद वितरण के साथ दिनभर के उत्सव का समापन हुआ।

### समाज के लोग और श्रद्धालुओं की भागीदारी

श्री चंद्रवंशी ग्वाला गवली समाज के वरिष्ठ सदस्य धन्नालाल पटेल, नवयुवक मंडल अध्यक्ष विजय पढरिया और प्रवक्ता रवि दीवान ने कार्यक्रम का संचालन और विवरण प्रस्तुत किया। आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और इस भक्तिमय आयोजन का हिस्सा बने।

# नीमच में आपदा प्रबधन संस्थान द्वारा भूकम्प रोधी संरचनाओं के निर्माण संबंधी कार्यशाला आयोजित

**नीमच**। आपदा प्रबंधन संस्थान गृह विभाग भोपाल द्वारा जिला प्रशासन नीमच एवं आपदा प्रबंधन नेटवर्क भोपाल के संयुक्त तत्वाधान में अपर कलेक्टर श्री बी.एस कलेशकी अध्यक्षता में तहसील कार्यालय सभाकक्ष नीमच में तीन दिवसीय भूकम्प रोधी निर्माण के सम्बधं में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई है। इस दूसरे दिवस की प्रशिक्षण कार्यशाला में आपदा प्रबंधन संस्थान गृह विभाग भोपाल के तकनीकी विशेषज्ञ श्री अभिषेक मिश्रा एवं श्री तुषार गोलाईत ने जिले के सभी निर्माण विभागों के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री एवं उपयंत्रियों को भूकम्प रोधी भवन निर्माण की तकनीकी के बारे में विस्तार से जानकारी दी।जिले में 27 अगस्त से 29 अगस्त तक आयोजित इस आपदा प्रबंधन भूकम्प रोधी निर्माण सम्बधी कार्यशाला में बताया गया, कि भूकंप जैस आपदा में न्यूनतम हानि के लिए जरूरी है, कि भूकम्प रोधी संरचनाओं का निर्माण किया जाए। पूर्व से निर्मित भवनों मकानों को भूकम्प रोधी यदि नही बना सकते, तो रेट्रोफिटिंग करें। इसके साथ ही जरूरी है कि समाज, एवं समुदाय के लोगों को भूकम्प जैसी आपदा से सुरक्षा व बचाव के लिए जागरूक करें। जिससे, कि आपदा की स्थिति में होने वाली हानि को न्यूनतम किया जा सके। इस कार्यशाला में आपदा प्रबंधन संस्थान के तकनीकी विशेषज्ञो द्वारा प्रतिभागियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। कार्यशाला में होमगार्ड कमांडेंट, लोकनिर्माण, जलसंसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लो.स्वा. या.विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा इंजीनियर्स उपस्थित थे।



# 5 दिवसीय तेजाजी मेले का शुभारम्भ, सुबह से देर रात्री तक दर्शनार्थीयो की रही आवाजाही

## आदिवासी भील समाज द्वारा लाई गई परम्परा गत ध्वजा झण्डी

ब्यूरो रिपोर्ट - प्रदीप जैन

**सिंगोली।** प्रतिवर्षानुसार तेजा दशमी के पावन अवसर पर नगर परिषद एवं तेजाजी मेला कमेटी के द्वारा लगने वाले पांच दिवसीय तेजाजी मेले का आयोजन दिनांक 2 सितंबर से शुरू हो गया। स्थानीय तेजाजी चौक में स्थित तेजाजी महाराज व बासक बाबा के थानक पर पूजा अर्चना के साथ मेले की शुरुआत हुई। तेजा दशमी के अवसर पर तेजाजी महाराज के मंदिर को दुल्हन की तरह आकर्षक विद्युत लाइट ,फुल पत्ती के डैकोरेशन से सजाया गया दर्शन करने के लिए सुबह से लेकर देर रात्री तक दर्शनार्थीयो की जबरदस्त भीड़ रही। वही दिनभर अलग अलग गांवों से आदिवासी भील समाज द्वारा परम्परा गत तेजाजी ध्वजा



व झण्डी को डी.जे. के साथ नाचते गाते नगर के प्रमुख मार्ग तिलस्वा चौराहा,महाराणा प्रताप सर्कल,विवेकानंद बाजार, बापू बाजार होते हुऐ तेजाजी मंदिर पहुंच ध्वजा चढ़ाई गई मंगलवार रात्रि से ही तेजाजी महाराज का खेल (नाटक) भी शुरू हो गया बीच में बरसात कि कभी हल्की तेज बुंदाबांदी होती रही यह मेला पांच दिन तक चलेगा जिसमें प्रतिदिन तेजाजी महाराज के जीवन पर आधारित तेजाजी कथा का स्थानीय पारंगत कलाकारों द्वारा मंचन किया जायेगा। नगर परिषद द्वारा आयोजित मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए बड़ी डोलर, झुले ,चकरी मिक्की माउस ,जम्पीग सहित अनेक मनिहारी,कास्मेटिक, कटलरी हर माल सहित खाने पीने होटल व प्रसाद अगरबत्ती दुकाने ग्राहकों की भीड़ से भरी रही। तेजा दशमी का दिन विशेष होने से आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से जो श्रद्धालु झंडी (ध्वजा) लेकर आए उनके भोजन आदि की व्यवस्था मेला कमेटी की ओर से की गई। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर परिषद अध्यक्ष सुरेश चंद्र जैन, उपाध्यक्ष मोतीलाल धाकड़, पार्षद जीवन बलाई सुनील सोनी, लता देवी, पारी देवी, अंतिमबाला शर्मा आदि पार्षदों की उपस्थिति में तेजाजी की प्रतिमा पर दीपक प्रज्वलित कर किया गया। सभी अतिथियो का स्वागत अभिनन्दन मेला कमेटी अध्यक्ष प्रशांत मलिक, कालु अग्रवाल, सतीश मलिक, डालु प्रजापत, जीतमल धाकड़, कालू लबाना, मदन प्रजापत, पप्पू धाकड़, मांगीलाल धाकड़, कवर लाल प्रजापत, मदन माली, हरभजन आदि ने किया। माईक संचालन जगदीश चौधरी द्वारा किया गया!

# महाराणा प्रताप संघर्ष समिति के तत्वावधान में रतनगढ़ में उत्साह एवं उमंग के साथ किया गया भूमिपूजन

### शीघ्र होगा चेतक पर सवार महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा की स्थापना एवं अनावरण के भव्य कार्यक्रम का आयोजन



ब्यूरो रिपोर्ट- निर्मल मूंदड़ा

**रतनगढ़।** सामाजिक समरसता, सर्वधर्म सद्भाव और भारतीय इतिहास के पूरोधा हिंदूआ सूरज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के आदर्श जीवन चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने एवं उनके विचारों और शौर्य को प्रचारित कर आज की युवा पीढ़ी को सामाजिक एकता व राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने व महाराणा के जीवन मूल्यों को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से महाराणा प्रताप संघर्ष समिति रतनगढ़ क्षेत्र के तत्वावधान में पिछले दिनों स्थानीय बस स्टैंड परिसर नीमच सिंगोली रोड के नजदीक रतनगढ पर प्रस्तावित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की चेतक पर सवार विशाल प्रतिमा की स्थापना को लेकर क्षेत्र के राजपूत समाज एवं सर्व समाज के द्वारा सामूहिक रूप से एकमत होकर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। शीघ्र ही रतनगढ़ नगर में भी महाराणा प्रताप की विशाल प्रतिमा की स्थापना की जाए। इसके लिए मूर्ति के फाउंडेशन की नींव का मुहूर्त कर इस पुनित कार्य का श्रीगणेश किया जाए। इसके पश्चात दिनांक 2 सितंबर 2025सोमवार को आसपास क्षेत्र के सभी ठिकानों से राजपूत समाज एवं सर्व समाज के बड़ी संख्या में समाज जन रतनगढ़ बस स्टैंड परिसर पर स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना स्थल पर एकत्रित हुए एवं भगवान श्री गोवर्धन नाथ मंदिर रतनगढ के पुजारी एवं क्षेत्र के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित विष्णु दत्त व्यास के हाथों से महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापना के लिए शुभ मुहूर्त में विधि विधान से पूजा अर्चना कर पूरे उत्साह उमंग एवं जोश खरोश के साथ भूमि पूजन किया गया। राजपूत समाज व सर्व समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में नींव का पत्थर रखा गया। इस अवसर पर राजपूत समाज के सभी वरिष्ठ एवं युवा समाज बंधुओ ने जय शिवा सरकार की जय महाराणा प्रताप की, एवं एकलिंग नाथ के गगन भेदी जयकारों के साथ यह भी संकल्प लिया कि शीघ्र ही यहां वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की चेतक घोड़े पर सवार विशाल प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। इस ऐतिहासिक कार्य की आज हम सभी के द्वारा शुभ मुहूर्त में नींव रखकर शुरुआत कर दी गई है।इस अवसर पर महाराणा प्रताप संघर्ष समिति के आह्वान पर रतनगढ़ सहित गुंजालिया, माधुपुरा, देहपूर, गुंदीखेड़ा, नारदा, खजुरिया, लुहारिया चुंडावत, मोरवन, गुड्डाखेड़ा, जावदा, दोलपुरा, ग्वालियर कला, ग्वालियर खुर्द, लुहारिया जाट, किरता, मुकैरा, जेतपुरा, सांडा, चामुंडिया, देवरिया, बधावा, बल्दरखा, हाथीपूरा, उम्मेदपुरा, ताल, अथवा, जेतलिया, घोड़ा का मेघपूरा, हाड़ा की मोरवन आदि ठिकानों से बड़ी संख्या में राजपूत समाज के वरिष्ठ एवं युवा समाजजन रतनगढ़ में उपस्थित हुए।

# रामपुरा नगर मे वीर तेजाजी के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा हुआ जगह जगह भव्य स्वागत

ब्यूरो रिपोर्ट-महावीर चौधरी

**रामपुरा।** नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रेगर समाज रामपुरा द्वारा वीर तेजाजी के जन्मोत्सव के पावन पर्व पर एक विशाल भव्य चल समारोह निकाला गया, जो दोपहर 2:00 स्थानीय रेगर समाज मंदिर बांदीपुरा से प्रारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ जगदीश मंदिर पहुंचा। चल समारोह का नगर में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया, जहां से चल समारोह पुनः रेगर समाज मंदिर बादीपुरा पहुंचा जहां आरती एवं प्रसादी वितरण कर चल समारोह का समापन हुआ। चल समारोह में महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों ने भाग लिया तथा आकर्षक डांडिया प्रस्तुत कर चल समारोह की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा तथा इस सफल कार्यक्रम के लिए रेगर समाज ने सभी का आभार प्रकट किया।



# रतनगढ़ पुलिस ने पिकअप से 220 किलो डोडाचूरा सहित 10 हजार के कुख्यात तस्कर को किया गिरफ्तार

ब्यूरो रिपोर्ट- निर्मल मून्दड़ा

**रतनगढ़।** पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, अति. पुलिस अधीक्षक नवलसिंह सिसौदिया एवं एसडीओपी जावद रोहित राठौर के मार्गदर्शन में थाना रतनगढ एवं चौकी डीकेन की पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों एवं नशे के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 220 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा व एक लोडिग बोलेरो पीकअप वाहन नम्बर एमपी 44 जीए 2407 सहित अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में कुख्यात ईनामी आरोपी को पकडने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी अनुसार दिनांक 02-03.09.2025 को रात्रि में पुलिस चौकी डीकेन एवं थाना रतनगढ द्वारा डीकेन-रतनगढ आम रोड डीकेन पर नाकाबन्दी की जाकर आरोपी के कब्जे से 220 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचूरा को एनडीपीएस एक्ट के अज्ञापक प्रावधानों का पालन करते हुए एक लोडिग बोलेरो पीकअप वाहन नम्बर एमपी 44 जीए 2407 के चालक थाना नीमच केन्ट एवं थाना जावद में 05-05 हजार रुपये कुल 10 हजार रुपये का अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में ईनामी कुख्यात आरोपी राकेश पिता मोहनलाल भील उम्र 26 साल निवासी ग्राम जनकपुर पुलिस चौकी डीकेन थाना रतनगढ जिला नीमच (म.प्र.) के कब्जे से जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी से पूछताछ उपरान्त



जप्तशुदा डोडाचूरा उपलब्ध कराने वाले कन्हैयालाल उर्फ कान्हा उर्फ रतनलाल पिता कालुराम माली निवासी ग्राम जनकपुर पुलिस चौकी डीकेन थाना रतनगढ जिला नीमच (म.प्र.) को आरोपी बनाया जाकर उक्त आरोपीगणों के विरुद्ध थाना रतनगढ पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया एवं वाहन मालिक तथा मादक पदार्थों के स्त्रोत के संबंध में अनुसंधान जारी है। उक्त कार्य में थाना प्रभारी रतनगढ निरीक्षक वीरेन्द्र झा एवं उनकी टीम का सराहनीय योगदान रहा ।

# भिंड जिले से एक सनसनीखेज मामला, बिना हेलमेट पेट्रोल देने से किया मना, बदमाशों ने बंदूक निकाल कर दी फायरिंग




नीमच हेडलाइन्स। डेस्क

भिंड जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. यहां बिना हेलमेट पेट्रोल देने से मना करना पेट्रोल पंप संचालक को भारी पड़ गया. जानकारी के अनुसार, बाइक पर सवार तीन बदमाश पेट्रोल भरवाने पहुंचे थे. संचालक ने उनसे हेलमेट लगाने के लिए कहा और नियमों का हवाला देते हुए पेट्रोल देने से इनकार कर दिया.

## गोलियों की आवाज से मची अफरा-तफरी

संचालक की यह बात बदमाशों को नागवार गुजरी और उन्होंने विवाद करना शुरू कर दिया. देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि बदमाशों ने पंप संचालक पर तमंचा और राइफल तान दी. इसके बाद उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. गोलियों की आवाज से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई.

गोलियां लगने से पेट्रोल पंप संचालक तेज नारायण लोधी गंभीर रूप से घायल हो गए. उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है. घटना के बाद आरोपी बदमाश मौके से फरार हो गए.

## सर हेलमेट आपके पास नहीं है, पेट्रोल नहीं मिलेगा - पेट्रोल पंप कर्मचारी

मिली जानकारी के अनुसार, भिंड ग्वालियर नेशनल हाईवे 719 बरोही के पास मैसर्स सावित्री लोधी नाम से तेज नारायण नरवरिया का पेट्रोल पंप है। पेट्रोल पंप के कर्मचारी आकाश सिंह ने बताया कि 4-साढ़े चार बजे की घटना है। पेट्रोल डालने के लिए गया, तो वहां तीन लोग आए। आकाश ने बताया, "उन्होंने बोला पेट्रोल चाहिए, मैंने बोला - सर हेलमेट आपके पास नहीं है, पेट्रोल नहीं मिलेगा। उन्होंने बोला कि डालना पड़ेगा, मैंने बोला कि नहीं भाई, मैं नहीं डाल पाऊंगा। फिर उन्होंने गाली गलौच किया।" वो धमकी देकर चले गए। फिर कुछ देर बाद वे लोग हथियार के साथ आए और पेट्रोल पंप पर कई राउंड फायरिंग की। मुझपर भी फायरिंग की लेकिन मैं बच गया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना के बाद आरोपी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए। बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग की घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गई।

# अल्प एवं अतिवृष्टि तथा पीला मोजेक वायरस से फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजा राशि को लेकर सौंपा ज्ञापन

ब्यूरो रिपोर्ट- भगत मांगरिया



**चीताखेड़ा।** पीला सोना कहे जाने वाली खरीफ सीजन की मुख्य सोयाबीन की फसल अल्प एवं अतिवृष्टि तथा पीला मोजेक वायरस की चपेट में आ जाने से सुख चुकी फसलों के लिए अब ये बारिश तथा दवाईयों का छिडकाव बेअसर कारक है। 90 वर्षीय बुजुर्ग को चवनप्राश खिलाने के समान है। हालत यह है कि अंचल में जो खरीफ की फैसले सूखकर नष्ट हो गई है उन पर किसानों ने रोटावेटर चलाना शुरु कर दिया है। ज्ञापन में बताया गया कि गतवर्ष भी फसलों में भारी नुकसान हुआ था जिसका बीमा और मुआवजा आज तक नहीं मिला और वर्तमान में भी हुए नुकसान का सर्वेतक नहीं किया गया। अफलन व पीला मोजेक वायरस से किसानों के खेतों में खड़ी खरीफ सीजन की मुख्य फसलें सोयाबीन, मक्का, उड़द, मूंगफली, मूंग और तिल आदि फैसले सूखकर दम तोड़ चुकी है। अतिवृष्टि व पीला मोजेक वायरस होने से फसले नष्ट हो जाने से किसानों का दिन का चैन और रात की नींद हराम हो गई है। किसान फसलों को हाथों में लेकर जिला मुख्यालय पर सर्वे को लेकर बीमा तथा मुआवजा राशि के लिए प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। आने वाले समय में हालात और बिगाड़ सकते हैं। प्रकृति पर किसी का बस नहीं है लेकिन सरकार को यह भी देखना होगा कि हमारे किसानों को प्रकृति की कम मेहरबानी की सूरत में वैकल्पिक स्रोत किस तरह मिल सकते है। वैसे शासन प्रशासन की ओर से अभी तक फसलों में हुए नुकसान का सर्वे तक नहीं शुरू किया गया। जीरन तहसील के चीताखेडा , हरनावदा, अमावली जागीर, राबडिया, सोनियाना,घसुण्डी जागीर, दलपतपुरा, महूडिया, बमोरा, कराड़िया महाराज पंचायत पटवारी मोजा हल्का नंबर के गांव-गांव से बड़ी संख्या में किसानों ने जिला कलेक्टर के नाम फसलों में हुए नुकसान की भरपाई के रूप में बिना सर्वे किए शीघ्र बीमा राशि और मुआवजा राशि प्रदान किए जाने को लेकर मंगलवार को किसानों ने हाथों में पीला मोजेक वायरस से नष्ट हुई फसलें लहराते हुए नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्टर मुख्यालय पहुंच कर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन मनसुख जैन ने किया। रामसिंह जाट, दिनेश गुर्जर, जगदीश पाटीदार, दशरथ पाटीदार, अजीज शेख, बलवीर जाट, गोपाल गुर्जर, दिलीप टेलर, शांतिलाल माली, मन्नालाल माली, राधेश्याम माली, अशोक सोलंकी, मोहनलाल जाट, मांगीलाल जावरिया , कन्हैयालाल पाटीदार, छगनलाल माली, जमनालाल रावत, नरेंद्र सिंह तोमर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

# सिद्धान्त, कनकश्री, आरव व अस्मि का नेशनल हेतु चयन, लेजर गन बेगूसराय हेतु रवाना



**नीमच।** 9वी लेजर गन नेशनल चैम्पियनशिप 4 से 7 सितम्बर बेगुसराय में आयोजित होना है जहां नीमच स्विमफ्लाय स्पोर्ट्स क्लब के स्टार प्लेयर सिद्धांत सिंह गोपाल सिंह जादोन, कनकश्री तेजप्रकाश धारवाल, आरव वीरेंद्र शर्मा, अस्मि मयंक कटारिया टीम कोच समीर सिंह जादोन और पेंटाथलॉन उपाध्यक्ष मयंक कटारिया के नेतृत्व में हुए रवाना। मॉडर्न पेंटाथलांन अध्यक्ष डॉक्टर मनीष चमड़िया ने बताया लेजर गन मॉडर्न पेंटाथलॉन का एक इवेन्ट है जिसमे 600 मीटर रनिंग एवं 5 लेजर शूटिंग एक साथ ऐसे लगातार बिना रुके 5 सेट लगाए जाते है। वाटर स्पोर्ट्स मेन्टर प्रभु मूलचंदानी व मोटिवेटर राकेश कोठारी ने बताया स्विमफ्लाय स्पोर्ट्स क्लब तैराकी के अलावा सायकलिंग, रनिंग, शूटिंग, लेजर गन शूटिंग और बाधा कोर्स रनिंग जैसे खेलो की तैयारी भी कराता है । न पा कोचेस आयुष गौड़ , नीलेश घावरी, समीर सिंह जादोन सुधा सोलंकी, अभिषेक अहीर, रोहित अहीर व शुभम स्वर्णकार सुबह शाम विभिन्न प्रतियोगिताओ की तैयारी करा रहे है। स्विमफ्लाय स्पोर्ट्स क्लब, जिला मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन, पैफी और नपा स्टाफ सभी 2025 दिसम्बर में होने वाली एशियन व वर्ल्ड चेम्पियनशिप की तैयारीमें जुटे है ।

# मध्यप्रदेश में फिर एक्टिव हुआ स्ट्रॉन्ग सिस्टम, मौसम विभाग ने नीमच सहित 15 जिलों के लिए जारी किया भारी बारिश का अलर्ट




भोपाल। स्ट्रॉन्ग सिस्टम के सक्रिय होने से मध्यप्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश का दौर शुरू हो गया है। मंगलवार को मौसम विभाग ने उज्जैन सहित 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

नर्मदापुरम जिले के इटारसी में रुक-रुककर तेज और रिमझिम बारिश हो रही है। जलस्तर बढ़ने पर तवा डैम के तीन गेट दो-दो फीट की ऊंचाई तक खोले गए। यह इस सीजन में दूसरी बार है, जब बांध के गेट खोले गए हैं। एसडीओ एनके सूर्यवंशी के अनुसार डैम से 10,500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है और जलस्तर 1164.50 मीटर पर बना हुआ है।

इससे पहले सोमवार देर शाम टीकमगढ़ जिले में 20 लोग धसान नदी के बरा घाट पर फंस गए थे। पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू किया। सभी कुडीला थाना क्षेत्र के निवासी थे, जो नदी में रेत का अवैध खनन करने गए थे। जलस्तर बढ़ने से वे बीच में फंस गए थे।

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में जिन जिलों में ढाई से साढ़े चार इंच तक बारिश की संभावना जताई है, उनमें उज्जैन, रतलाम, आगर-मालवा, राजगढ़, गुना, शिवपुरी, धार, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी और अनूपपुर शामिल हैं। वहीं भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर में भी बारिश का सिलसिला जारी रह सकता है। जबकि मालवा के नीमच व मंदसौर में हल्की से तेज बारिश हो सकती है।

## रेड/ऑरेंज अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने नर्मदापुरम संभाग के जिलों के अलावा छिंदवाड़ा, बुरहानपुर, खंडवा जिलो में अति भारी बारिश से अत्याधिक बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है. ऐसे में प्रशासन ने इन जिलों के सभी लोगों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है. क्योंकि बारिश के चलते इन जिलों से बहले वाले नदी नाले पहले से ही उफान पर हैं.

## इन जिलों में भी भारी बारिश का अलर्ट

इसके अलावा भोपाल, उज्जैन संभाग के जिलों के साथ कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, अनूपपुर, सागर, दमोह, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, इंदौर, धार, गुना, जिलो में भारी से अति भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है. यानि इन जिलों में आज शाम और रात में तेज बारिश होने के पूरे आसार है.

## 24 घंटे से जारी है भारी बारिश

मध्य प्रदेश में बीते 24 घंटे से भी भारी बारिश हो रही है. पिछले 24 घंटे में पचमढ़ी में 4.37 इंच, ग्वालियर में 1.37, सिवनी में 2.28, गुना में 2.24, खंडवा में 2.67, भोपाल में 1.02, इंदौर में 0.21, बैतूल में 5.51 इंच बारिश हुई है. मध्य प्रदेश में आने वाले 24 घंटे भी भारी बारिश होने के आसार है.

## थड़ोद एवं उमाहेड़ा में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर सम्पन्न




**नीमच**। आयुर्वेद औषधालय थडोद व सावन द्वारा गुरुवार को ग्राम थडोद में एवं उमाहेड़ा में निशुल्क सर्वरोग निदान आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में डॉ.आर.पी.वर्मा व डॉ.दीपीका पाटीदार ने आमवात, संधिवात, चर्मरोग अध्यमान, विवन्ध, श्वास, कास प्रतिश्याय रक्ताल्पता अर्श प्रदर मधुमेह बी.पी., शिरशूल, अतिसार, कमर दर्द, ज्वर, मुखरोग आदि से ग्रसित मरीजो का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया तथा निःशुलक औषधियों का वितरण किया। वर्षा ऋतु में होने वाली मौसमी बिमारियों से बचाव की जानकारी भी दी गई। शिविर में उपस्थित किसानों को अश्वगंधा की खेती करने केलिए प्रोत्साहित किया। शिविर में डॉ.आर.पी.वर्मा एवं श्रीमती संजू कुमारी ने भी सेवाएं दी। थड़ोद में 69 रोगियों एवं उमाहेड़ा में 75 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

## आई.टी.आई. में प्रवेश पहले आओ पहले पाओं के आधार पर 1 से 10 सितम्बर तक

**नीमच**। आई.टी.आई.में प्रवेश के लिए''पहले आओ, पहले पाओ'' राउंड के तहत नवीन रजिस्ट्रेशन, च्वाईस फिलिंग सुधार एक से 10 सितम्बर 2025 तक होगा। आवेदक द्वारा अधिकतम एक आई.टी.आई.के लिए एकच्वाईस फिलिंग करना अनिवार्य हैं। च्वाईस लॉक होने के पश्चात संशोधन संभव नहीं हैं। आवेदकों को सावधानीपूर्वक आई.टी.आई., व्यवसाय का चयन करना चाहिए। आवेदक को च्वाईस लॉक करवाने के बाद अलॉटमेंट लेटर प्रिंट कर संबंधित आई.टी.आई.में प्रवेश हेतु सभी दस्तावेज की मूल प्रति एवं 2 सेट फोटोकापी सहित पहुँचकर, वेरिफिकेशन उसी दिवस करवाना होगा।शासकीय आई.टी.आई.नीमच में विभिन्न व्यवसायों में आवेदक च्वाईस लॉक करवा कर प्रवेश ले सकते हैं।

# धार्मिक नगरी जीरन रामधुन प्रभात फेरी का वार्षिक उत्सव व उद्यापन कार्यक्रम का भव्य आयोजन संम्पन्न

## 65 वर्षों से अनवरत चल रही रामधुन की परम्परा



ब्यूरो रिपोर्ट - दुर्गाशंकर लाला भट्ट

**जीरन**। नगर में 65 साल से रामधुन प्रभातफेरी जारी है। यह रोज सुबह 4 बजे राम भजनों के साथ निकाली जाती है। यह एक साल तक एक मंदिर से निकाली जाती है। एक वर्ष पूर्ण होने पर अन्य मंदिर पर प्रतिस्थापित (उद्यापन) किया जाता है। इसको उत्सव के रूप में मनाया जाता है। नगर की सभी जनता इस उत्सव में शामिल होती है। सर्व समाज के लोग सहभागी बनते है। इस वर्ष सभी ने शीतला माता मंदिर से रामधुन निकालने का निर्णय लिया। नगर के सभी वरिष्ठ समाज जनों की उपस्थित में निर्णय लिया गया राम धुन पूरे वर्ष भर शीतला माता मंदिर से प्रतिदिन संचालित की जाएगी। रामधन के वार्षिक उत्सव उद्यापन से पहले 31 जुलाई 2025 को संध्या काल में बड़ा मंदिर जीरन पर 24 घंटे की अखंड रामधन स्थापित की गई जो 1 सितंबर 2025 को प्रातः 6:00 बजे तक अखंड राम धुन बोली गई उसके पश्चात भगवान श्री राम की पूजा अर्चना कर आरती की गई । उसके पश्चात राम धुन समिति द्वारा पूरे नगर में भगवान श्री राम को पालकी में बिठाकर पूरे नगर में राम धुन श्री राम जय राम जय जय राम श्री राम जय राम जय जय राम की धुन की धुन के साथ पूरे नगर में भ्रमण कराया नगर में भ्रमण के दौरान आने वाले सभी मंदिरों पर भगवान श्री राम की महा आरती कर प्रसाद वितरण किया गया वह जगह-जगह श्री राम धुन प्रभात फेरी का शीतला माता मंदिर आगमन के दौरान पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया शीतला माता मंदिर समिति द्वारा श्री राम धुन प्रभात फेरी का शीतला माता मंदिर आगमन पर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। अब से प्रतिदिन प्रभात फेरी शीतला माता मंदिर से वर्ष भर संचालित होगी। श्री राम धुन समिति द्वारा आयोजित रामधन उद्यापन वी वार्षिक उत्सव में आयोजित महाप्रसादी में पूरे नगर का सामूहिक भजन की व्यवस्था की गई जिसमें नगर के सभी वर्ग द्वारा एक जगह बैठकर सामूहिक भोजन किया गया।

## नेत्रदान से बढ़कर कोई दान नहीं: सीएमएचओ डॉ. चौहान



**मंदसौर**। 40 वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मंदसौर द्वारा शहर के प्रमुख मार्गो से नेत्रदान जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के महत्व और आवश्यकता से अवगत कराना था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि भारत में लगभग 11 लाख लोगों को नेत्रदान की आवश्यकता है।

# जिला स्तरीय जन सुनवाई शिकायत निवारण एवं सीएम हेल्पलाईन शिविर का आयोजन

## एसपी जायसवाल द्वारा सीएम हेल्पलाइन की 90 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण, 300 से अधिक शिकायतों का निराकरण

**नीमच**। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन उमेश जोगा द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम. हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है। दिये गये निर्देशों के पालन में दिनांक 02.09.2025 को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा



अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. अंकित जायसवाल के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. जायसवाल द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की लेवल - 1 की 73, लेवल-2 की 14 एवं लेवल - 3 की 03 इस प्रकार कुल 90 सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान सभी थाना क्षेत्रों में लंबित जनता शिकायतों में से 300 जनता शिकायतों का निराकरण किया गया। पुलिस अधीक्षक जायसवाल द्वारा राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गयें कि सभी आवेदनों का समय पर एवं निष्पक्ष समाधान सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न प्रकार की समस्याओं जैसे भूमि विवाद, पुलिस कार्रवाई से संबंधित मुद्दों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि से जुड़े प्रकरणों पर विशेष ध्यान दिया जावें। जिला स्तरीय सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक नीमच सुश्री किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा श्रीमति शाबेरा अंसारी, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद रोहित राठौर, उप पुलिस अधीक्षक (महिला सुरक्षा शाखा) सुश्री निकीता सिंह सहित जिलें के समस्त थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी एवं संबंधित शाखाओं के प्रभारी सहित फरियादी/आवेदक उपस्थित रहें।

# माँ तुझे प्रणाम'' यात्रा का सफल समापन

## नीमच से चयनित युवतियां ने देखा भोपाल की एतिहासिक स्थलों को




**नीमच** । माँ तुझे प्रणाम" योजना के तहत नीमच जिले से चयनित युवतियों का दल 25 अगस्त को भोपाल व आसपास के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक स्थलों की अनुभव यात्रा पर रवाना हुआ और 27 अगस्त को सफलतापूर्वक लौट आया। यात्रा का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ाना था। नीमच से चयनित युवतियों का विशेष अनुभव यात्रा दल 25 अगस्त को भोपाल के लिए रवाना हुआ था, जो 27 अगस्त को सफलतापूर्वक लौट आया। इस योजना का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करना, सैन्य जीवन की जानकारी देना तथा ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थलों से परिचित कराना था। नीमच इन युवतियों का हुआ चयन नीमच से तनवी लखेरा, स्नेहा गौड़, आरती, पूजा सफलता और निशा का चयन हुआ है।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अविनाश जाजपुरा के द्वारा यश प्रिंटिंग प्रेस स्कीम नम्बर 36 ए कलेक्टर कार्यालय के सामने मुद्रित एवं कास्मो स्कूल के पास इन्दिरा नगर नीमच से प्रकाशित - सम्पर्क 9893796737 (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र नीमच रहेगा ।)